पश्चिम मध्य रेल
West Central Railway

महाप्रबंधक कार्यालय
जनसम्पर्क विभाग
जबलपुर

# पश्चिम मध्य रेल में जोर शोर से चल रहा स्वच्छता अभियान

## रेलवे महाप्रबंधक ने दिलाई स्वच्छता शपथ

जबलपुर 6 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस महोत्सव 2025 के उल्लास को स्वच्छता अभियान से जोड़ते हुए रेलवे ने 1 अगस्त से 15 अगस्त, 2025 तक देशभर के स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान की शुरूआत हुई है। जिसमें फेज-1 में आगामी 15 दिनों का स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके बाद 16 अगस्त से 31 अक्टूबर तक फेज-2 में स्वच्छता कार्यक्रम चलेगा।

**स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करने के उद्देश्य से बुधवार 06 अगस्त 2025 को मुख्यालय रेलवे परिसर में महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने पमरे मुख्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।** इस स्वच्छता शपथ में रेल कर्मियों ने श्रमदान का संकल्प लिया। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार-प्रसार और रेल परिसर को स्वच्छ बनाने की शपथ ली गई। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री प्रमोद कुमार खत्री, प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर श्री एम विजय कुमार, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक श्री नीरज कुमार, प्रधान वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री प्रवीन खोराना, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक श्री कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर श्री मुकेश, प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर श्री एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. श्याम सुन्दर, प्रमुख मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) श्री एम. एस. हाशमी, मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (EnHM) श्री एस एस पाराशर, सचिव महाप्रबंधक श्री राहुल जयपुरियार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

इस अभियान के दौरान फेज-1 में पश्चिम मध्य रेल के तीनों मण्डलों पर भी रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पश्चिम मध्य रेल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर श्रमदान के माध्यम से व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके आलावा स्टेशन परिसर को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से यात्रियों में जागरूकता पैदा करने के लिए स्टेशनों पर रंगोली एवं नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता जागरूकता अभियान सम्बन्धी बैनर/पोस्टर मण्डल के प्रमुख स्टेशनों पर जगह-जगह लगाये जा रहे हैं। साथ ही स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली द्वारा भी स्वच्छता जागरूकता संबंधी संदेशों का प्रसारण करके स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक द्वारा तीनों मण्डलों के मंडल रेल प्रबंधकों एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और रेल कर्मियों को सफाई अभियान को सफल बनाने एवं अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा इसी तरह आगे भी सक्रिय भागीदारी निभाते रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/277/2025 दिनांक 06.08.2025

सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर